## आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, दो घायल



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सुआतला थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी से लगे पाणाझिर मंदिर के रास्ते में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई जबकि दो बच्चे मामूली रूप से झुलस गए।

बताया जाता है कि ग्राम देवरी निवासी नीतेश पिता भागचंद पटेल 26 वर्ष एवं शिवम पिता पप्पू ठाकुर 10 वर्ष, राजा पिता नरेंद्र 9 वर्ष पाणाझिर मंदिर की ओर से घर लौट रहे थे। जिनके पास मोबाइल भी था। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी तो नीतेश व दोनों बच्चे चपेट में आ गए।

घटना की जानकारी लगते ही तीनों को इलाज के लिए रौंसरा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां नीतेश को मृत घोषित कर दिया गया। बताया जाता है कि शिवम और राजा की हालत ठीक है और वह चल-फिर रहे हैं। अस्पताल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है।

## श्री देव लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट के चुनाव संपन्न

**गाडरवारा, देशबन्धु।** अग्रवाल समाज गाडरवारा द्वारा संचालित श्री देव लक्ष्मीनारायण लाड़ो मोदन मंदिर ट्रस्ट की आवश्यक बैठक गत दिवस मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन की चर्चा, ट्रस्ट के आय व्यय व भविष्य में निर्माण कार्य के साथ आगामी 2 वर्ष के लिये मंदिर ट्रस्ट की नवीनकारिणी पर विचार विमर्श संपन्न हुआ।

बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा विगत 2 वर्ष से कार्यरत समिति की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए स्वागत किया गया, चूंकि वर्तमान में ट्रस्ट द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य एवं अन्य कार्य पूर्ण किया जा रहा है, इसलिये वर्तमान पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से आगामी 2 वर्ष के लिए निर्विरोध घोषित किया गया।

जिसमें अध्यक्ष धर्मेंद्र खजांची, उपाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष



दीपक अग्रवाल, सचिव मयंक अग्रवाल एवं सहसचिव सुभाष गुप्ता निर्वाचित किए गये। बैठक उपरांत सभी सदस्यों द्वारा नए पदाधिरारियों का स्वागत एवं मंदिर में आरती-पूजन व प्रसाद भेंट किया।

**गुप्त दान में एक भक्त द्वारा 10 लाख 11 हजार की एफडी दी गई**

इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्यगण रमेश अग्रवाल, गोपाल गुप्ता, गोपाल चौधरी, राजेश अग्रवाल, केदार अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, गोविंद बंसल, अतुल अग्रवाल, नवल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

अग्रवाल समाज के जिलाध्यक्ष रवि खजांची व ट्रस्ट के अध्यत धर्मेंद्र खजांची ने ट्रस्ट के सदस्यों को अवगत कराया गया की मंदिर में स्थापित श्री देव लक्ष्यीनारायण की पूजन पाठ, प्रसाद, उत्सव व सेवाभाव से हमेंशा व्यवस्था के उद्देश्य से एक भक्त द्वारा मंदिर नाम पर 10 लाख 11 हजार रुपये से एफडी भेट की है। उक्त एफडी से प्राप्त प्रति वर्ष ब्याज राशि का 75 प्रतिशत भाग मंदिर की सेवाभाव में व 25 प्रतिशत राशि एफडी में हमेशा जुड़ती रहेगी साथ ही उक्त एफडी को निरस्त न नहीं किया जायेगा व प्राप्त ब्याज की राशि का उपयोग निहित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जायेगा। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने उक्त दान व उद्देश्यों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुये आभार व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### राशन दुकान से राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस ग्राम कान्हरगांव के उपभोक्ताओं ने रोशन वितरण में गड़बड़ी होने की स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में एक शिकायत प्रस्तुत की है। पिछले दो मोहन से कम मात्रा में राशन दिया जा रहा है तथा कंप्यूटरीकृत पर्ची न देकर हस्तलिखित पर्ची जा रही है। कंप्यूटरीकृत पर्ची मांगने पर नहीं दी जाती। ग्रामवासियों ने उक्त सहकारी समिति कान्हरगांव की जांच की मांग की है।

### नीखरा को मिली बड़ी जिम्मेवारी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल की मध्यप्रदेश कार्यकारिणी में गाडरवारा के शिवकुमार नीखरा को बड़ी जिम्मेवारी मिली है। उन्हें कांग्रेस सेवादल का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय मुख्य संगठक लालजी देसाई एवं कांग्रेस सेवादल मध्य प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा से स्वीकृति मिलने के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भोपाल में मध्यप्रदेश सेवादल अध्यक्ष योगेश यादव ने नीखरा को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान मध्यपदेश के सेवादल प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सांगई में स्कूल खुलने पर कराई गतिविधियां

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बीते सोमवार से ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे ग्रीष्मकालीन अवकाश उपरांत स्कूल खुलने पर माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने घंटी बजाकर बच्चों को बुलाया एवं उनका तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा ग्रीष्म अवकाश मे किये गए कार्यों से जुडी जानकारी ली गई एवं उनके प्रयासों को सराहा गया। स्कूल खुलने के पहले दिन बच्चों ने खेल खेल मे गणित विषय मे अंक, संख्या ज्ञान एवं पहाड़े से जुडी गतिविधियों की। इस दौरान बच्चों से प्रतिदिन स्कूल आने की बात पर जोर दिया गया एवं शिक्षकों ने कहा कि प्रति माह कक्षावार सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर प्रधानपाठक दशरथ प्रसाद जाटव, विवेक नाईक, सुरेश चौहान एवं श्रीमती किरणलता ठाकुर सहित अनेक बच्चे उपस्थित रहे।

### तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया जारी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर में 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया के पश्चात रिक्त रह गई सीटों पर द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। कक्षा 10 वीं व 12 वीं के विद्यार्थी संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं। प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर ने बताया कि कक्षा 10 वीं व 12 वीं के विद्यार्थी महाविद्यालय में संचालित ब्रॉच इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजी., कम्प्यूटर साईंस एंड इंजी., मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट में प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश लेने पर विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर भविष्य में रोजगार के अवसर मिलेंगे। अधिक जानकारी के लिए प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर के कार्यालयीन समय में और दूरभाष नंबर 07792- 236705 या मोबाइल नंबर 9098740752 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### जिलास्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता एक अगस्त को

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले की शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9 वीं से कक्षा 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए राज्य शासन के पर्यटन विभाग द्वारा मप्र पर्यटन बोर्ड के माध्यम से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 2025 में पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर एक अगस्त 2025 को किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के छात्र- छात्राओं द्वारा तीन सदस्यीय एक टीम के रूप में प्रतियोगिता में सहभागिता की जायेगी। प्रतियोगिता में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड द्वारा प्रदत्त निर्धारित प्रारूप एवं प्रक्रिया के अनुसार पर्यटन क्विज 2025 के लिए प्रतिभागी टीम- विद्यालयों का पंजीयन का कार्य 25 जून से 18 जुलाई 2025 तक किया जायेगा। यह पंजीयन टूरिज्म बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन करना अनिवार्य है। इस संबंध में सम्पूर्ण विवरण क्विज नियमावली 2025 में अंकित किया गया है। जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार ने जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर को राज्य शासन के पर्यटन विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

## श्रद्धा दुबे का विदाभिनंदन एवं काव्य गोष्ठी आयोजित



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिला साहित्य सेवा समिति,नरसिंहपुर की 105 वीं मासिक काव्यगोष्ठी के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रद्धा दुबे का विदाभिनंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। करेली स्थित पं. विद्याप्रसाद शर्मा वृद्ध सामुदायिक सदन में साहित्यकार पं. बाबूलाल दुबे की अध्यक्षता,वयोवृद्ध शुक्लाजी के मुख्यातिथ्य एवं पत्रकार अनुज ममार के विशिष्टातिथ्य में रखे गये उक्त कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन व मोहद के गीतकार मुकेश ठाकुर माधव द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई।

अतिथि स्वागत उपरांत समिति अध्यक्ष सतीश तिवारी सरस द्वारा स्वरचित अभिनंदन पत्र का वाचन किया गया।तदुपरांत शिक्षिका श्रद्धा दुबे का शाल श्रीफल के साथ अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया।

## शिविर में 203 अधिकारी- कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे स्वस्थ यकृत मिशन के तहत कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई हॉल में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती पटले ने सरस्वती पूजन व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान कलेक्टर ने अपनी स्वास्थ्य की जांच कराई। स्वास्थ्य शिविर में कुल 203 अधिकारी- कर्मचारियों की जांच की गई। स्वास्थ्य की जांच के दौरान 30 हाईपरटेंशन व 36 मधुमेह से ग्रसित पाये गये, जबकि 23 से अधिक बीएमआई और 68 ब्लड की जांच की गई। इस स्वास्थ्य शिविर में कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी- कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।



स्वास्थ्य शिविर के दौरान कलेक्टर ने यहां लगाये गये सभी काउंटरों का निरीक्षण कर शासकीय सेवकों के स्वास्थ्य परीक्षण का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय सेवक अपने स्वास्थ्य का परीक्षण जरूर करवायें। साथ ही शासकीय कर्मचारी व अपने परिवार के सदस्यों का भी बीएमआई जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण करवाने की समझाइस दी। उन्होंने बताया कि नान अल्कोहल फैटी लीवर डिजीज एक ऐसी स्थिति है, जिसमें लीवर में वसा जमा हो जाती है, जबकि व्यक्ति शराब का सेवन नहीं करता। यह स्थिति मधुमेह, मोटापा, अनियमित दिनचर्या और खानपान की गलत आदतों से उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि यदि समय रहते इसका निदान और इलाज नहीं होता है, तो यह सिरोसिस या लिवर कैंसर जैसी जटिल स्थितियों में बदल सकता है। इस दौरान कलेक्टर ने जनसुनवाई हॉल में लगाई गई स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के लिए प्रदर्शनी का अवलोकन किया। शिविर में डॉ. प्रदीप मेहरा, डॉ. अनिल चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती भारती चौरसिया, जिला कम्युनिटी मोबिलाईजर मुकेश रघुवंशी, पैरामेडिकल स्टाफ, समस्त स्टॉफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, एएनएम, फर्मासिस्टम, आशा कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

## माफी मांगें कथा वाचक प्रदीप मिश्रा

### चित्रगुप्त पर अपमानजनक टिप्पणी से कायस्थ समाज आहत

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** हाल ही में प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा भगवान चित्रगुप्त को लेकर दिए गए अपमानजनक बयान से कायस्थ समाज में गहराआक्रोश व्याप्त हो गया है। जिला



कायस्थ महासभा, नरसिंहपुर द्वारा सार्वजनिक रूप से क्षमा याचना की माँग की गई है। कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपनी कथा के दौरान धर्मराज यमराज और भगवान श्री चित्रगुप्त का परिहास करते हुए उन्हें मुच्छड़ कह कर संबोधित किया और चित्रगुप्त जी से कहा-अरे ऐ चित्रगुप्त! तू सबका हिसाब रखना पर मेरा मत रखना।

जिला कायस्थ महासभा ने अपने ज्ञापन में कहा है कि पंडित मिश्रा के कथन ने न केवल कायस्थ समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाई है, बल्कि यह पूरे सनातन धर्म की मर्यादाओं और परंपराओं का भी घोर अपमान है।

सभा ने चेतावनी दी है कि यदि पंडित प्रदीप मिश्रा ने सार्वजनिक रूप से माफी नहीं माँगी, तो कायस्थ समाज लोकतांत्रिक तरीके से देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि धार्मिक परंपराओं का उपहास सहन नहीं किया जाएगा।

## पुलिस से खोज कर लौटाए 114 मोबाइल



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिला अंतर्गत मोबाईल धारकों के मोबाईल गुम होनें के प्राप्त आवेदनों एवं सूचना पर गंभीरता से कार्यवाही करते हुये साईबर सेल के अधिकारी एवं कर्मचारियों की विशेष टीम गठित की जाकर गुम मोबाईलों के तलाश एवं पतासाजी हेतु निर्देशित किया गया था।

साइबर सेल की गठित टीम द्वारा तकनीकी माध्यमों से गुम मोबाईलों की पतासाजी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप लगभग 24 लाख मूल्य के 114 गुम मोबाईल वरामद करनें में सफलता प्राप्त की गयी है। उक्त गुम मोबाईलों को विभिन्न स्थानों से बरामद किया गया है।

उक्त सभी वरामद मोबाईलों को पुलिस अधीक्षक, नरसिंहपुर, अति. पुलिस अधीक्षक, नरसिंहपुर के द्वारा संबंधित मोबाईल धारकों को सौपे गये है। मोबाईल धारको द्वारा उनके गुम मोबाईल वापस मिलनें पर उनके चेहरे खुशी से खिल गए एवं उनके द्वारा पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया जाकर पुलिस प्रशासन की कार्यवाही की सराहना की गयी है।

**साइबर अपराधों की जागरूकता हेतु आयोजित किया शिविर**

पुलिस कंट्रोल रूम नरसिंहपुर साईबर फाड एवं अपराधों की जागरूकता के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में प्रभारी कंट्रोल रूम निरीक्षक संधर चौधरी, प्र.आरक्षक देवेन्द्र सिंह, महिला आरक्षक, कुमुद पाठक, आरक्षक नीरज डेहरिया, हेमंत वाडिवा एवं नितिन कुशवाहा द्वारा आमजनों को साइबर अपराधों के संबंध में जानकारी दी गयी।

## बरगी नहरों से खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए किसानों से 25 जून तक मांग पत्र आमंत्रित

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** वर्ष 2025 की खरीफ फसलों की बरगी नहरों से सिंचाई के लिए जल लेने गोटेगांव, नरसिंहपुर एवं करेली तहसील के संबंधित लगभग 183 ग्रामों के किसानों से 25 जून 2025 पूर्व मांग पत्र एवं अनुबंध प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, ताकि नहरों से खरीफ फसलों के लिए निर्धारित तिथि से जल प्रवाह किया जा सके। इन ग्रामों में मुख्य नहर की आरडी 81.30 से 130.670 किमी तक वितरण प्रणालियों में क्रमश- केसली माइनर, सिवनी डिस्ट्रीब्यूटरी, मातनपुर माइनर, भदगवां शाखा नहर, अंडिया डिस्ट्रीब्यूटरी, सुरगी डिस्ट्रीब्यूटरी, कंदेली डिस्ट्रीब्यूटरी, रहली डिस्ट्रीब्यूटरी एवं मुख्य नगर 102.00 से 130.860 किमी के बीच डायरेक्ट माइनरों से लगभग 183 ग्रामों की लगभग 8300 हेक्टर भूमि में निर्मित नहर प्रणाली से खरीफ फसलों की सिंचाई करने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर डिस्नेट संभाग गोटेगांव ने दी है।

इस सिलसिले में कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर डिस्नेट संभाग नरसिंहपुर ने संबंधित ग्रामों के किसानों से आग्रह किया है कि वे जल उपभोक्ता संथा कुटरी, इमलिया, वेदू, गुंदरई, बम्हनी, मगरधा, बेलखेड़ा, तिंदनी, ठेमी, बौछार, मचवारा, करकबेल, धमना, मैनावारी, नवलगांव, नंदवारा, झगरहाई, सूरजगांव, लुरहेटा, बरखेड़ा, निवारी, खुरपा, गोबरगांव आदि के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर उपसंभाग क्रमांक एक नरसिंहपुर/ क्रमांक एक पाला/ वितरण अनुविभाग करकबेल/ बरहेटा को 25 जून 2025 के पूर्व तक मांग पत्र एवं अनुबंध पत्र प्रस्तुत करें।

## इलाज के लिए राशि स्वीकृत

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने पवई विधायक प्रहलाद लोधी की अनुशंसा पर 59 हितग्राहियों को इलाज के लिए 14 लाख 8 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है।

जिला कलेक्टर द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि अंतर्गत एवं इस संबंध में जारी निर्देशों के तहत वर्ष 2025-26 में उपलब्ध आवंटन के आधार पर उपचार के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए